आहार क्रांति मिशन (Aahaar Kranti Mission)

sanskritiias.com/hindi/pt-cards/aahaar-kranti-mission

- **विज्ञान भारती** (विभा) और **ग्लोबल इंडियन साइंटिस्ट एंड टैक्नोक्रैट्स फोरम** ने मिलकर **'उत्तम आहार-उत्तम विचार'** के सिद्धांत **के साथ 'आहार क्रांति मिशन' प्रारंभ** किया है। इसका **लक्ष्य पोषक संतुलित आहार** और **स्थानीय फलों व सब्ज़ियों की उपलब्धता के महत्त्व को समझना** है।
- 'आहार क्रांति मिशन' का **उद्देश्य भारत सहित विश्व में विद्यमान भुखमरी तथा विभिन्न बीमारियों का समाधान** ख़ोजना है। अध्ययनों के अनुसार, भारत उपभोग से दोगुना अधिक कैलोरी का उत्पादन करता है, किंतु देश में अभी भी बहुत से लोग कुपोषित हैं। इसका मूल कारण समाज के सभी वर्गों में पोषण संबंधी जागरूकता का अभाव है।
- **संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2021 को 'अंतरराष्ट्रीय फल एवं सब्ज़ी वर्ष' घोषित** किया है। साथ ही, संयुक्त राष्ट्र का सतत् विकास लक्ष्य- 3 भी 'उत्तम स्वास्थ्य और ख़ुशहाली' (Good Health and Well Being) से संबंधित है, जिसका लक्ष्य सभी आयु वर्ग के लोगों में स्वास्थ्य सुरक्षा एवं स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देना है। ध्यातव्य है कि आहार और कल्याण परस्पर पूरक हैं ।
- इस मिशन के अंतर्गत **अध्यापकों को प्रशिक्षित किया जाएगा,** जो इस संदेश को विद्यार्थियों और उनके परिवारों और अंतत: समाज तक पहुँचाने का कार्य करेंगे। उल्लेखनीय है कि इसी तरह की रणनीति पोलियो उन्मूलन के लिये भी अपनाई गई थी।

IAS / PCS
Online Video Course
सामान्य अध्ययन
+
वैकल्पिक विषय
(इतिहास एवं भूगोल)
Online
Learning
Programme
JOIN NOW
15% Discount for
Next 500 Students

IAS / PCS
Pendrive Course
सामान्य अध्ययन
+
वैकल्पिक विषय
(इतिहास एवं भूगोल)
15% Discount for Next
500 Students